पत्र संख्याः 1411 अ0नि0वा0क0अ0प्र0सं0ल0 / फील्ड ट्रेनिंग विषयक / 2021—22 / वाणिज्य कर

कार्यालय अपर निदेशक, वाणिज्य कर, प्रशिक्षण संस्थान
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
दिनॉकः: 31 जनवरी, 2022, लखनऊ।

प्रेषक,

अपर निदेशक(प्रशिक्षण),
वाणिज्य कर अधिकारी, प्रशिक्षण संस्थान,
उ0प्र0,लखनऊ।

सेवा में,

एडीशनल कमिश्नर ग्रेड—1,
**आगरा, अलीगढ़, कानपुर प्रथम, कानपुर द्वितीय, झॉसी, मुरादाबाद,**
**बरेली, लखनऊ प्रथम, लखनऊ द्वितीय, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी प्रथम,**
**वाराणसी द्वितीय, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद द्वितीय, सहारनपुर, इटावा,**
**गौतमबुद्वनगर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।**

दिनांकः:लखनऊः जनवरी 2022

**विषयः— 2018 बैच के नवप्रवेशी सहायक आयुक्त / वाणिज्य कर अधिकारियों एवं नवपदोन्नत वाणिज्य कर अधिकारियों के 02 माह (दिनांक 07.12.2021 से 07.02.2022) के व्यावहारिक प्रशिक्षण(फील्ड ट्रेनिंग) को विस्तारित(Extend) किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया दिनांक 06.12.2021 को जारी, कमिश्नर महोदया के आदेश संख्या— 1142 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा **2018 बैच के समस्त नवप्रवेशी सहायक आयुक्त / वाणिज्य कर अधिकारियों एवं नवपदोन्नत वाणिज्य कर अधिकारियों को आधारभूत एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के द्वितीय चरण के अंतर्गत, जोन कार्यालयों से सम्बद्ध करते हुए, दिनांक 07.12.2021 से 07.02.2022 (02 माह) तक की अवधि** हेतु, **फील्ड ट्रेनिंग (व्यावहारिक प्रशिक्षण) प्राप्त करने के लिए निर्देश दिये गये थे**, उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रशिक्षु अधिकारियों की फील्ड ट्रेनिंग से संबंधित कार्यक्रम / गॉइडलाइन्स भी इस कार्यालय के पत्र संख्या—1144 / दिनांक 06.12.2021 द्वारा जारी किये गये थे।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्तानुसार वर्णित 02 माह की फील्ड ट्रेनिंग(व्यावहारिक प्रशिक्षण) में, प्रशिक्षु अधिकारियों को इस आशय के निर्देश भी दिये गये थे कि वे आबंटित जोन कार्यालय में दिनांक 07.02.2022 को, फील्ड प्रशिक्षण की समाप्त हो जाने के उपरान्त दिनांक 08.02.2022 को तृतीय चरण(सैद्धांतिक / व्यावहारिक प्रशिक्षण) के प्रशिक्षण हेतु वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में ऑनलाइन रिपोर्ट करेंगे।

इस संबंध में यह भी अवगत कराना है कि प्रदेश में दिनांक 10.02.2022 से 07.03.2022 तक समस्त चरणों में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है तथा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो गयी है। इसके अतिरिक्त 10 मार्च 2022 को मतगणना (Counting) भी घोषित हो चुकी है।

उपरोक्त विधान सभा चुनाव में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की चुनाव के पूर्व आचार संहिता (Model Code of Conduct) का पालन कराने, चुनाव से पूर्व तथा चुनाव के दौरान मजिस्ट्रेट ड्यूटी तथा मतदान एवं मतगणना में अधिकांश अधिकारियों / कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी सम्भावित है। संदर्भित प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 25 प्रतिशत प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा निर्वाचन ड्यूटी लग जाने के संबंध में सम्बन्धित प्रशिक्षण व्हॉट्सऐप ग्रुप पर सूचना प्रेषित की जा चुकी हैं, शेष अधिकारियों की निर्वाचन प्रशिक्षण एवं ड्यूटी भी सम्भावित है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में, माह फरवरी एवं मार्च 2022 में विभागीय / प्रशिक्षु अधिकारियों की चुनाव एवं मतगणना में सम्भावित ड्यूटी / प्रशिक्षण तथा कोविड—19 महामारी इत्यादि के दृष्टिगत, **कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश दिनांक 27.01.2022** के माध्यम से, पूर्व में जारी आदेश संख्या— 1142 / दिनांक 06.12.2021 तथा 1144 / दिनांक 06.12.2021 में आंशिक संशोधन करते हुए, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 08.02.2022 से संचालित होने वाले, एक माह के **प्रशिक्षण के तृतीय एवं अंतिम चरण को वर्तमान में स्थगित कर, चुनाव तथा मतगणना समाप्त हो जाने के उपरान्त दिनांक 14.03.2022(सोमवार) से प्रारंभ किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।**

**उपरोक्त स्थगन के कम में कमिश्नर, वाणिज्य कर उ0प्र0 द्वारा इस आशय के निर्देश भी दिये गये हैं कि समस्त प्रशिक्षु अधिकारी दिनांक 13.03.2022 तक यथावत् फील्ड प्रशिक्षण हेतु आबंटित जोन कार्यालय में निर्वाचन ड्यूटी के उपरान्त प्रशिक्षण प्राप्त करते रहेंगे तथा दिनांक 14.03.2022 को प्रशिक्षण के अंतिम चरण हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान में ऑनलाइन रिपोर्ट करेंगे।**

अतः कमिश्नर महोदया, द्वारा फील्ड प्रशिक्षण के संबंध में, पूर्व में जारी आदेश संख्या–1142/दिनांक 06.12.2021 तथा इसी कम में, इस कार्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या–1144/दिनांक 06.12.2021, कमिश्नर महोदया, के अद्यतन निर्देश दिनांक 27.01.2022 के अनुपालन में, उपरोक्त सीमा तक संशोधित रहेगा। शेष निर्देश यथावत् लागू रहेंगे।

अतएव, उपरोक्त तथ्यों तथा उपरोक्तानुसार वर्णित, कमिश्नर महोदया, के निर्देश दिनांक 27.01.2022 के अनुपालन में आपसे अनुरोध है कि कृपया समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों (निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न, प्रशिक्षु अधिकारियों को निर्वाचन ड्यूटी के उपरान्त) को दिनांक 13.03.2022 तक यथावत् फील्ड प्रशिक्षण हेतु आबंटित जोन कार्यालय में पूर्व निर्गत गॉइडलाइन्स/दिशानिर्देशों के अनुकम में आवश्यकतानुसार फील्ड प्रशिक्षण प्रदान करने का कष्ट करें। समस्त प्रशिक्षु अधिकारी दिनांक 14.03.2022 को प्रशिक्षण के अंतिम चरण हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान में ऑनलाइन रिपोर्ट करेंगे।

**उपरोक्त पत्र कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 के अनुमोदन दिनांक 27.01.2022 के अनुपालन में जारी किया जा रहा है।**

(विनय)
अपर निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक– उक्त।**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर।
2. स्थापना राजपत्रित अनुभाग, वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
3. आई0टी0 अनुभाग, वाणिज्य कर मुख्यालय,लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण) वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।
5. समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों को इस निर्देश के साथ अनुपालनार्थ प्रेषित कि वे फील्ड प्रशिक्षण हेतु आबंटित जोन कार्यालय में दिनांक 13.03.2022 तक, निर्वाचन ड्यूटी के उपरान्त, यथावत् प्रशिक्षण प्राप्त करते रहेंगे तथा **दिनांक 14.03.2022 को प्रशिक्षण के अंतिम चरण हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान में ऑनलाइन रिपोर्ट करेंगे।**

अपर निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उ0प्र0, लखनऊ।